# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018,फोन– 0141–2552796

**क्रमांकः प.14(153)RSSB/अर्थना/प्र.सु.वि/VDO/2025/** **दिनांक : यथाहस्ताक्षर**

**–:: प्रेस विज्ञप्ति ::–**

**ग्राम विकास अधिकारी सीधी भर्ती –2025**

बोर्ड द्वारा ग्राम विकास अधिकारी सीधी भर्ती–2025 हेतु दिनांक 16.06.2025 एवं संशोधित विज्ञप्ति दिनांक 18.07.2025 को जारी कर योग्य अभ्यर्थियों से **दिनांक 19.06.2025 से दिनांक 25.07.2025 तक** ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये है।

बोर्ड द्वारा ग्राम विकास अधिकारी सीधी भर्ती–2025 के पदों पर परीक्षा दिनांक 31.08.2025 को आयोजित करवाई जा रही है।

1. **आवेदन में संशोधन की प्रक्रिया** उक्त भर्ती के ऑनलाईन आवेदन पत्रों में त्रुटि सुधार हेतु **दिनांक 02.08.2025 से दिनांक 04.08.2025** को 23.59 बजे तक ऑनलाईन संशोधन हेतु अंतिम अवसर प्रदान किया जाता है। ऑनलाईन आवेदन में अभ्यर्थी **OTR** मे दर्ज सूचनाओं अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, जन्म दिनांक, लिंग, फोटो, हस्ताक्षर एवं शैक्षणिक योग्यता के अतिरिक्त अन्य सूचनाओं में निर्धारित रू. 300/–का शुल्क ऑनलाईन भुगतान कर संशोधन कर सकेंगे। उक्त समय सीमा के पश्चात् किसी भी स्थिति में बोर्ड द्वारा कोई संशोधन नहीं किया जावेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी। आवेदन मे संशोधन हेतु बोर्ड द्वारा कोई भी ऑफलाईन प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किया जावेगा।

2. **आवेदन प्रत्याहरित करने की प्रकिया** :– उक्त भर्ती में निर्धारित शैक्षणिक योग्यता अर्थात् संबंधित प्रमाण पत्र धारित नहीं करने वाले एवं उक्त परीक्षा में सम्मिलित नहीं होने के इच्छुक आवेदकों को ऑनलाईन आवेदन प्रत्याहरित करने हेतु अंतिम अवसर प्रदान किया जाता है। ऐसे आवेदक कुल 03 दिवस की अवधि मे **दिनांक 05.08.2025 से दिनांक 07.08.2025** तक SSO Portal Login कर Recruitment Portal का चयन कर My Recritment Section के अन्तर्गत संबंधित के समक्ष उपलब्ध Withdraw Button पर क्लिक कर अपना ऑनलाईन आवेदन प्रत्याहरित (Withdraw) कर सकेगें। विज्ञापन के अनुसार वाछित योग्यता नहीं होने के बावजूद भी इस अवधि में आवेदन पत्र प्रत्याहरित (Withdraw) नही करने वाले अभ्यर्थियों के विरूद्ध बोर्ड द्वारा पात्रता जांच उपरान्त विधि सम्मत कार्यवाही की जायेगी। **अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन पत्र सावधानीपूर्वक प्रत्याहरित (Withdraw) करें। अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रत्याहरित (Withdraw) करने के पश्चात् प्रत्याहरित (Withdraw) किये गये अभ्यर्थियों के दोबारा ऑनलाईन आवेदन पत्र बोर्ड द्वारा स्वीकार नहीं किये जायेगें।**

विज्ञप्ति की शेष शर्ते विज्ञापन 03/2025 दिनांक 16.06.2025 एवं संशोधित विज्ञप्ति दिनांक 18.07.2025 के अनुसार यथावत रहेंगी।

**(डॉ बी. सी. बधाल)**
**सचिव**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:-**

**क्रमांकः प.14(153)RSSB/अर्थना/प्र.सु.वि/VDO/2025/** दि

1. प्रभारी अधिकारी आई0टी अनुभाग, RSSB जयपुर को प्रेस विज्ञप्ति बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Bhag Chand Badhal
Designation : Secretary
Date: 2025.07.31 17:45:04 IST
Reason: Approved

**सचिव**